विचारार्थ विषय

मुख्य **परामर्शदाता - जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) / (एक पद)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- **जेएसवाई भुगतानों के लिए प्रत्यक्ष लाभ स्थानांतरण (डीबीटी) की शुरूआत और विस्तार तथा राज्यों/जिलों में स्टाफ सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/परामर्श के माध्यम से जेएसवाई निष्पादन में निरंतर सुधार करते हुए निर्धारित राज्यों/जिलों में व्यापक कार्यक्रम लक्ष्यों (संख्या और गुणवत्ता) की उपलब्धि के लिए उत्तरदायी होगा।**
- **प्राप्त रिपोर्टों के विश्लेषण, पीएफएमएस रिपोर्टों के माध्यम से उपलब्ध आंकड़ों, क्षेत्रीय दौरों आदि के माध्यम से डीबीटी शुरूआत पर प्रगति मूल्यांकन।**
- **व्यय विभाग, यूआईडीएआई आदि में डीबीटी समीक्षा और समन्वयन बैठकों में भागीदारी।**
- **जिलों/सुविधा केन्द्रों के आवधिक क्षेत्रीय दौरे (एक वर्ष में कम से कम 100 दिन) और विशेष रूप से मजबूत और कमजोर पक्ष की पहचान करने के लिए सेवाओं की प्रदानगी का अवलोकन और कमजोरियों पर काबू पाने के लिए उपायों पर चर्चा करना और सहमति देना। यह सुनिश्चित करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना कि सहमत उपायों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।**
- **राज्य पीआईपी की जेएसवाई योजनाओं का मूल्यांकन/समीक्षा और इन्हें मजबूत करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना कि संशोधित राज्य पीआईपी में सुझावों का संतोषजनक ढंग से समाधान किया गया है।**
- **मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा करना और संशोधित दिशानिर्देशों में संशोधन का सुझाव देना/उन्हें तैयार करना तथा उसका प्रसार करना।**
- **सेवा सुपुदर्गी/गुणवत्ता में सुधार की दिशा में योजना और निगरानी प्रणालियों में निरंतर प्रक्रिया सुधार लाने के लिए राज्यों को सहायता प्रदान करना।**
- **उपर्युक्त सभी कार्यों को समयबद्ध रूप में पूरा करना।**

पात्रता:

- **किसी विख्यात और मान्यताप्राप्त संस्थान से सामाजिक कार्य/स्वास्थ्य प्रबंधन/एमबीए में स्नातकोत्तर डिग्री तथा जन स्वास्थ्य में डॉक्टर की डिग्री।**
- **न्यूनतम 7+ वर्ष का अनुभव, जिसमें से 3-4 वर्ष का आरसीएच से संबंधित कार्यक्रमों के प्रबंधन में संगत अनुभव हो। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर डीबीटी क्रियान्वयन के पूर्व अनुभव को वरीयता दी जाएगी ।**
- **जन स्वास्थ्य प्रणाली और संगत सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसायटियों की जानकारी होना।**
- **मजबूत संख्या कौशल की अच्छी समझा और वित्तीय विश्लेषण, कार्यक्रम प्रबंधन, क्षमता निर्माण और पर्यवेक्षी सहयोग में अनुभव।**
- **मजबूत पारस्परिक संचार और टीम वर्क कौशल।**
- **राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।**
- **औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में शिथिलता दी जा सकती है, जहां उच्च गुणवत्ता प्रकाशित कार्य है या विशेष प्रासंगिकता का कार्य अनुभव है।**

आयु: आवेदन प्राप्त करने की तारीख को ऊपरी आयु सीमा 55 **वर्ष और अत्यधिक क्षेत्रीय दौरा करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हो।**

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 1,30,000/- **रु. से** 1,50,000/- **रु. के बीच।**

स्थान: दिल्ली

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **1-Jun-2018** तक rch.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।